Title: Demand to protect the Scheduled Castes officials from the atrocities of Senior Administrator of Power Grid Corporation in Delhi.

श्रीमती रीना चौधरी (मोहनलालगंज): सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। दिल्ली में पावर ग्रिड कारपोरेशन है जिसके महाप्रबंधक उत्तरी क्षेत्र के अनुसूचित जाति के अधिकारियों का बहुत तेज़ी के साथ शोषण कर रहे हैं। यह बहुत ही दुख की बात है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी यह समस्या इस देश के अंदर विद्यमान है। मेरे पास आल इंडिया फैडरेशन आफ शैड्यूल्ड कास्टस, बैकवर्ड क्लासेज़, माइनरटीज़ एम्पलाईज़ वैलफेयर एसोसिएशन्स का पत्र आया है जिसमें उन अधिकारियों की पूरी सूची दी हुई है जिनका शोषण किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से यह मांग करना चाहती हूं कि इन अधिकारियों का शोषण होने से बचाया जाये।

13.00 hrs.